राजस्थान सरकार

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

दिनांक :– 05/12/2020

प्रेस नोट

स्नातकोत्तर पूर्वार्ध में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू

शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिए स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया 3 दिसंबर से शुरू हो गई है। प्राचार्य श्री दिलीप सिंह पूनिया के अनुसार आवेदन–पत्र गुरुवार 3 दिसंबर, 2020 से प्रारंभ हो चुके हैं और ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि दिसंबर 17 गुरुवार है। इसके पश्चात् 19 दिसंबर तक फॉर्म का ऑनलाइन सत्यापन होने की अंतिम तिथि है तथा अंतरिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 21 दिसंबर 2020 को होगा। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अपने स्नातक स्तर की प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष तीनों वर्षो की अंकतालिका जाति प्रमाण पत्र तथा बोनस अंक चाहने वाले अभ्यर्थी अपने प्रमाण–पत्रों की प्रतियां निश्चित रूप से साथ में अपलोड करवाएंगे उसके अभाव में बोनस अंक देना संभव नहीं हो पाएगा। अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण–पत्रों की जांच 28 दिसंबर तक महाविद्यालय में करवाए जा सकते हैं तथा ई–मित्र पर फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर 2020 है। अभ्यर्थियों द्वारा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् प्रथम सूची का प्रकाशन वह शिक्षण कार्य 30 दिसंबर, 2020 से प्रारंभ हो जाएगा। लोहिया महाविद्यालय में प्रवेश हेतु कला, विज्ञान व कॉमर्स हेतु आवेदन–पत्र भरवाए जाएंगे। विज्ञान संकाय में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अलग से आवेदन–पत्र भरे जाएंगे जो प्रक्रिया भी साथ में ही चल रही है। सारी प्रक्रिया ऑनलाइन हो रही है। सारे प्रवेश प्रवेश–नीति 2020–21 के अंतर्गत किए जाएंगे तथा और संबंधित सूचनाओं हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट देखी जा सकती है।

प्राचार्य

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

Scanned with CamScanner